अमर उजाला 15/08/2023

रैगिंग को खत्म करने का छात्रों ने लिया प्रण

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के महिला सेल और अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी-रैगिंग सेल ने यूजीसी के निर्देशानुसार एंटी-रैगिंग सप्ताह समारोह के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया। कॉलेज परिसर से सभी प्रकार की रैगिंग को खत्म करने का वादा किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के संबंध में देश के कानूनों के बारे में जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को भारत में रैगिंग के खतरे के बारे में संबोधित किया और ऐसी गतिविधियों के कानूनी,. मानसिक और शारीरिक परिणामों के बारे में भी बताया। इस मौके पर डॉ.अनुराधा, डॉ.नियति, डॉ.नीना और प्रो. श्याम मौजूद रहे। संवाद